

भारतीय पर्यावरण समिति

यू–112, तृतीय तल, विधाता हाऊस, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली–110092
फोन : 22046823, 22046824, 22450749 फैक्स : 22523311
ई–मेल : iesenro@vsnl.com / ebox@iesglobal.org
वेबसाईट : www.iesglobal.org

पंचायती राज एवं महिलाएं

Panchayati Raj & Women



भारतीय पर्यावरण समिति

पंचायती राज एवं महिलाएं

Panchayati Raj & Women

भारतीय पर्यावरण समिति
इनविस सेन्टर ''पंचायती राज एवम् पर्यावरण''
दिल्ली

आप इस पुस्तक का निःशुल्क प्रयोग कर सकते हैं।
इस पुस्तक का प्रकाशन भारतीय पर्यावरण समिति के इनवीस सेन्टर "पंचायती राज एवम् पर्यावरण" द्वारा किया गया है

साभार
इनवीस सचिवालय, पर्यावरण एवम् वन मंत्रालय, नई दिल्ली

भारतीय पर्यावरण समिति
यू–112, तृतीय तल, विधाता हाऊस,
विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली–110092
फोन : 22046823, 22046824, 22450749
फैक्स : 22523311
ई–मेल : iesenro@vsnl.com
वेबसाईट : www.iesglobal.org
Envis Website : www.iespanchayat.org

मुद्रक
टाईम्स प्रेस
910, जटवारा स्ट्रीट, दरियागंज,
नई दिल्ली–110002
फोन : 55755777, 23285286

प्रस्तावना

पंचायती राज भारत की प्राचीन परम्परा है। वेदों के काल से ही ग्रामीण विकास के क्षेत्र में पंचायती राज संस्थाएं कार्यरत रही हैं।

पंचायत एक ऐसी संस्था है जो ग्रामीण स्तर पर स्थानीय निवासियों एवम् केन्द्र व राज्य प्रशासन के मध्य एक कड़ी के रूप में कार्य करती है। अस्सी के दशक में संविधान संशोधन की दिशा में कार्य किए गए। 1992 में सविधान में 73वां संशोधन किया गया और इसमें महिलाओं को पंचायती राज में महत्वपूर्ण भूमिका दी गई। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि नए संविधान में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।

73वें संशोधन के पश्चात महिलाओं की भागीदारी को पंचायती राज में बढ़ावा दिया गया। महिलाओं को इस बात से जागृत कराया गया कि वह एक अलग पहचान है। नई पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को सदस्यों के रूप में स्थान दिया गया। पंचायत द्वारा लिए गए प्रत्येक निर्णय में महिलाओं की सशक्त भागीदारी है। उन्हें किसी भी विषय के पक्ष अथवा विपक्ष में निर्णय लेने का अधिकार है। वे जानती है कि किस प्रकार से कठिन परिस्थिति से निपटा जा सकता है।

आज की पंचायती राज में महिलाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। घरेलू समस्याओं के बारे में अधिक जानकारी होने के कारण इन विषयों से जुड़ी समस्याओं की अच्छी समझ होती है। इसलिए जब कभी भी पंचायत में कोई भी घरेलू समस्या उठाई जाती है तो उसका समाधान सरल हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों में भी महिलाओं का योगदान कम नही है। आज महिलाएँ हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कदम मिला कर चल रही है चाहे वह क्षेत्र शिक्षण का हो या फिर तकनीकी कौशल दिखाने का।

भारतीय पर्यावरण समिति ने इस पुस्तक में विभिन्न राज्यों से कुछ उदाहरण पेश किए हैं जिनमें महिलाओं ने पंचायती राज और ग्रामीण विकास क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आशा है कि यह पुस्तिका महिला जागृति में और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने मे सहयोग देगी।

डा॰ देशबन्धु
अध्यक्ष
भारतीय पर्यावरण समिति

पंचायती राज एवं महिलाएं

आरम्भिक समय में 1915 में गांधी जी ने भारत वापस आने के बाद ग्रामों में पंचायतों के पुर्नउत्थान पर बहुत बल दिया तथा ग्राम स्वराज स्थापित किए जाने का स्वप्न देखा। वे निश्चित तौर पर सोचते थे कि असली भारत सात सौ हजार ग्रामीणों तथा असंचय गांवों में रहता है तथा भारत का अपने नाम के मुताबिक तब तक कोइ अस्तित्व नहीं है जब तक गांव देश के जीवन के लिए पूर्ण भागीदारी न निभाएं।

गांधी जी ने मेरा स्वप्न में लिखा है कि यदि मेरा स्वप्न पूरा होगा तो गांवों में रहने वाले ग्रामीण पूर्ण रूप से गणतांत्रिक कहलाएंगे। कोई भी अनपढ़ नहीं रहेगा, किसी को भी काम की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा। सभी को पूरा भोजन मिलेगा, रहने के लिए घर, सबके तन को ढ़कने के लिए कपड़ा खादी होगा तथा गांव में रहने वाले सभी लोगों को सफाई तथा पोषण के नियमों की पूर्ण जानकारी होगी।

गांधी जी का ग्राम स्वराज का स्वप्न टूट गया जब हमारे संविधान के निरधारकों ने पंचायती राज को संविधान के निति निदेशक सिद्धान्तों में डाल दिया। आम आदमी पर प्रतिबंध लगा दिया जिसके फलस्वरूप, ग्रामीण आंचल पूरी तरह से सरकार के नकारात्मक व्यवहार का शिकार हो गया। परिणामस्वरूप, समाज में बिखरी तथा उत्तेजित सी परिस्थिति उत्पन्न हो गई।

1992 में स्थानीय संगठनों के पुर्नउत्थान के विचार को मन में लेकर राज्य स्तर से नीचे एक नए तंत्र का प्रतिपादन करने के उद्देश्य से संविधान में 73वां संविधान संशोधन संसद में पास किया गया। जिसमें पंचायतों को दृढ़ता तथा पुर्नास्थापना प्रदान करने की दिशा में कार्यकारी कदम उठाया गया।

73वें संविधान संशोधन में निम्नलिखित अनुबंधों पर खास ध्यान दिया गया है :

- हर पांच वर्ष के पश्चात ग्रामीण, माध्यमिक, तथा जिला स्तर पर लगातार चुनाव
- महिलाओं तथा अनुसूचित जनजाति के लिए 33 प्रतिशत स्थानो का आरक्षण

नए संविधान संशोधन में महिलाओं के लिए खास प्रावधान हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात है महिलाओं के लिए किसी भी सरकारी संस्थान में कार्यकारी सदस्य के रूप में तथा एक निर्वाचित सदस्य के रूप में 33 प्रतिशत का आरक्षण।

73वें संशोधन के पश्चात स्थिति पूर्ववत नहीं रही, समाज के स्तर में बहुत बदलाव आया है। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया गया। महिलाओं को इस बात के लिए जागृत किया गया कि वे एक व्यक्ति विशेष हैं उनकी एक अलग पहचान है। महिलाओं को इस बात का एहसास दिलाया गया कि वे सबसे उत्तम हैं, तथा उनके अंदर भी कुछ खास गुण हैं जो कि उन्हें समाज में उचित स्थान दिलाने में सहायक हैं।

73वें संशोधन के पश्चात महिलाओं को इस बात का एहसास हुआ कि वे पुरूष की बनाई बेड़ियां तोड़ कर स्वच्छंद रूप से समाज में भागीदारी निभा सकती हैं। समाज की स्थिति बदलने पर महिलाओं को स्वय को स्थापित करने को मौका दिया गया। अब वे किसी भी सामाजिक कार्य में भाग ले सकती हैं। किसी भी प्रकार के निर्णय को स्वयं लेने में सक्षम हैं। वे जानती हैं कि किस प्रकार से कठिन परिस्थिति से निपटा जा सकता है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं चाहे वह क्षेत्र शिक्षण का हो अथवा तकनीकी कौशल दिखाने की बात हो।

ग्रामीण क्षेत्र में भी महिलाओं के योगदान को बढ़ावा दिया गया। आज महिलाओं की पंचायत में भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। महिलाएं पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में भी अपनी भागीदारी को बढ़ावा देने पर अपने विचारों को व्यक्त करने में स्वयं को सक्षम महसूस करने लगी हैं तथा उन में स्वाववलम्बन का भाव फलीभूत हो रहा है।

महिलाएं कृषि, वानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन, पर्यावरण संरक्षण आदि के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

भारत में महिलाएं लगभग आधे कृषि क्षेत्र में भागीदारी करती हैं। उनका योगदान, भूमि में फसल लगाने से फसल काटने तक है। उनकी भागीदारी का प्रतिशत निर्भर करता है कि किस प्रकार की फसल उगाई जा रही है, तथा भूमि किस प्रकार की है। इसके अतिरिक्त महिलाएं महत्वपूर्ण रूप से बीज का चुनाव करने तथा छोटे छोटे पौधों के रोपण आदि कार्य कौशलपूर्वक ढंग से करती हैं। फसल कटाई, खरपतवार हटाना, फसल प्रबंधन आदि में सहायता करती हैं। हरी खाद बनाने तथा खेतों में डालने में सहायता करती हैं। जब से पूर्ण कीट प्रबंधन लागू हुआ है तब से महिलाओं का कार्य तीव्रता से बढ़ गया है।

पशु समुदाय, देश के लिए बहुकोणिय भूमिका निभाता है। यह ढाचा प्रदान करता है– खेत के लिए, फसलों के लिए खाद, पकाने के लिए ऊर्जा तथा घर में प्रयोग किए जाने वाले भोजन के रूप में। इन सब कार्यों को करने में महिलाएं अपवत्य भूमिका निभाती हैं। कुछ खास काम हैं जो कि केवल वे ही कर रही हैं।

- ❒ पशुओं की देखभाल करना
- ❒ चारा एकत्रित करना

- ❒ गोबर एकत्रित करना
- ❒ गोबर के उपले बनाना जलाने के लिए

❒ कुछ दुग्ध व्यवसाय के 93 प्रतिशत में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी है।

महिलाएं आमतौर पर जंगलों से वेतन रोजगार आर्जित करती हैं। सामुदायिक वृक्षारोपण में भागीदारी, वनों का पुर्नजीवन तथा कृषि वानिकी के उत्पादनों को एकत्रित करने में सहायता करती हैं। वन प्रबंधन जैसे कार्यों में भी भाग लेती हैं।

इस के अतिरिक्त गैर इमारती उत्पादों को एकत्रित करने में, औषधियां, इमारती सामान, खेत में प्रयोग में लाए जाने वाले साधन, साल तथा तेन्दू पत्तों आदि को एकत्रित करने के कार्यों में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाती हैं। वे अच्छी तरह से जानती हैं कि किस उत्पाद को किस प्रकार से प्रयोग में लाया जाना है।

भारत, विश्व के खास मछली उत्पादक देशों में से एक है। तकरीबन 50 लाख लोग मत्स्यपालन के उद्योग में जुडे हुए हैं। महिलाएं इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण रूप से भागीदारी निभाती हैं। महिलाओं का कार्य क्षेत्र विभिन्न स्थानो पर अलग अलग है। जैसे कि :

- ❒ मछली सूखाना
- ❒ सुरक्षित करना
- ❒ हाथ से बनाए गए जाल की देखभाल करना
- ❒ जलचरों के शरीर से सख्त कवच हटाने तथा इकट्ठा करने का कार्य करना

महिलाएं पर्यावरण संरक्षण के लिए वन प्रबंधन, वन रोपण, भूमि–उर्वरक उत्पादन, जल प्रबंधन, वर्षा जल संरक्षण, जल निकायों की साफ सफाई, हरित पट्टी का विकास आदि कार्यों में अपना योगदान देती हैं।

पर्यावरण ह्रास से प्रभावित होने वालों में महिलाएं सबसे ऊपर इसलिए हैं, क्योंकि वनों के ह्रास का सबसे बुरा असर महिलाओं के कामकाज पर पड़ता है। जल की कमी के कारण उन्हें जल की खोज में अधिक दूर जाना पड़ता है। तथा जल को ढो कर लाने का समय अंतराल बढ़ जाता है। जिसके कारण उन के लिए समस्याएं बढ़ जाती हैं।

सभी समस्याओं के हल के रूप में महिलाओं को प्रतिनिधित्व का अधिकार दिया जाना बहुत सार्थक सिद्ध हुआ है। महिलाओं ने सजग भागीदारी के साथ हर काम में हाथ बंटाना आरम्भ कर दिया है।

पंचायतों में भी महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं घरेलू समस्याओं के बारे में अधिक जानकारी होने के कारण इन विषयों से जुडी समस्याओं की अच्छी समझ होती है इसलिए जब कभी भी पंचायत में कोई भी घरेलू समस्या उठाई जाती है तो उसका समाधान सरल हो जाता है।

पंचायत का निर्वाचित सदस्य होने के कारण महिलाओं की कुछ जिम्मेदारियां बनती हैं :

- ❒ सार्वजनिक समस्याओं का निपटारा

- ❒ घरेलू समस्याओं का निपटारा करना
- ❒ नई तकनीकों के बारे में जानकारी एकत्रित करना
- ❒ भविष्य के कार्यों की रूपरेखा तैयार करना

पंचायत में महिलाओं की भागीदारी से महिलाओं को समुचित प्रतिनिधित्व मिल सकेगा। उनकी भागीदारी के फलस्वरूप ग्राम स्वराज का स्वप्न पूरा हो सकेगा।

पंचायत में महिला–प्रतिनिधित्व के आ जाने से ग्रामीण महिलाओं में राजनेतिक चेतना का प्रसार हुआ है। जब महिलाएं महिलाओं का चुनाव करेंगी तो निश्चित रूप से उनमें इस भावना का संचार होगा कि एक दिन वह भी चुनी जा सकती हैं और जब उनमें चुनाव के संबंध में चेतना उत्पन्न होगी तो निःसन्देह वह इस बात पर ध्यान देंगी कि कौन सी महिला उनका सही प्रतिनिधित्व करेगी। अतः प्रतिनिधित्व सही व वास्तविक होगा।

महिला प्रतिनिधियों को निम्नलिखित समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

अशिक्षा/अल्प शिक्षा, जागरूकता की कमी, निर्वाचित महिलाओं पर परिवारिक दवाब, पुरूष संबंधियों पर निर्भरता, निर्धनता, जातिगत भेदभाव, भ्रष्टाचार, अफसरशाही द्वारा महिला प्रतिनिधियों की उपेक्षा, अविश्वास का प्रस्ताव, सामंतवाद का वर्चस्व इत्यादि।

पंचायतों में गूंजते महिलाओं के स्वर

महिलाऐं पंचायत में भागीदारी मिलने के पश्चात ग्राम विकास तथा पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में कार्यकारी भूमिका निभा रही हैं। इस पुस्तक के द्वारा हम विभिन्न राज्यों में महिलाओं की भागीदारी के कुछ उदाहरण पेश कर रहे हैं।

प्रत्येक राज्य में महिलाऐं अपने अपने कार्य क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए कुशलतापूर्वक कार्य कर रही हैं। उत्तर प्रदेश, केरल, आंध्रा प्रदेश, हरियाणा, उत्तरांचल, असम, राजस्थान आदि राज्यों में महिलाओं ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई है।

उत्तर प्रदेश (Uttar Pradesh)

उदाहरण 1

उत्तरप्रदेश में मऊ के लठिया गांव में महिला प्रतिनिधियों ने गांव की महिलाओं को संगठित करके गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले रास्ते पर सड़क का निर्माण करके गांव के लोगों को शहर से जोड़ दिया। लठिया के वासी पिछड़े समुदाय के हैं। गांव में सामान्य आधारभूत सुविधाओं जैसे बिजली, सड़क तथा पानी का अभाव है। गांव एक नाले के कारण मुख्य सड़क से अलग थलग है। नाला मुख्य सड़क के सामानान्तर है। हरिजन समुदाय कटघारा को परंवा लठिया को मुख्य सडक से पृथक रखता है। गांव वाले नाला पार करके ही मुख्य सड़क पर जा सकते हैं बरसात के दिनों में नाले का तेज प्रवाह लाठिया व कटघारा निवासियों के लिए बहुत बड़ी समस्या बन जाता है। बीते हुए कुछ सालों में बरसात के समय अनेक बच्चे नाले के प्रवाह में बह गए। बीमारी के समय मरीज को कंधे पर ले जाना पड़ता था। उनमें से अधिकांश रास्ते मे दम तोड़ देते थे।

लठिया में महिला मंगल दल बनाया गया जिससे कि महिलाओं को संवेदित किया जा सके और जागरूकता लाई जा सके ताकि वे अपना विकास स्वय कर सकें। महिलाओं के समूह ने लिंक रोड की बात अमर शहीद चेतना संस्थान के कार्यकर्ताओं के सामने रखी। मनोरमा देवी ने उन्हें सड़क स्वंय बनाने के लिए उत्साहित किया। कुछ प्रयासों के बाद महिलाओं ने सड़क निर्माण का कार्य आरम्भ किया। पास में ही स्थित बढ़े टीले से मिट्टी काट काट कर रास्ते पर फेंकी गयी। जल्द ही महिलाओं ने कटघारा गांव तक आधा रास्ता तय कर लिया। निर्माण कार्य इस कारण से कुछ दिनों तक रूका रहा क्योंकि गांव में विवाह का माहौल चल रहा था।

स्थानिय राजनिति ने कटघारा के हरिजनों को फुसलाया। हरिजन उनके प्रभाव में आ गए और उन्होंने लठिया से आते हुए विवाह जुलूस को रोका तथा सड़क का प्रयोग करने के लिए कर स्टैम्प मांगा। इससे हरिजन राजभार के मध्य तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। हरिजनों ने लाठिया के निवासियों के विरूद्ध प्राथमिक सूचना रिर्पोट दर्ज कराई। राजभारों को न्यायालय से स्टे आर्डर लेना पड़ा। अन्ततः परिणाम यह हुआ कि सड़क का निर्माण कार्य बीच में ही रूक गया। लठिया की महिलाएं एक बार फिर सामने आयी और उन्होनें झगड़े के निबटारे के रूप लिए धन एकत्रित किया। उसी समय वर्षा ऋतु के कारण सड़क को पूरा करने का प्रयास नही किया जा सका। वर्षा ऋतु की समाप्ति के बाद महिलाओं ने सड़क पूरा करने का अपना संघर्ष जारी रखा।

अंततः लठिया की महिलाओं ने जीत के गौरव को प्राप्त कर सिद्ध किया कि "जहां चाह वहां राह" होती है।

उदाहरण 2

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की बुढ़ाना तहसील में ग्राम जोल की विल्कीस राना 25 वर्षिय नवनिर्वाचित प्रधान है। सुश्री राना आठवें दर्जा तक शिक्षित है, और महिलाओं के विकास के लिए गांव में बहुत कुछ करना चाहती हैं, दहेज उत्पीड़न बालिका हत्या व महिलाओं में अशिक्षा को एक अभिशाप मानती है। उनका कहना है कि गांव में बहुत कुछ करना चाहती है। गांव में ही लड़कियों के लिए एक अलग स्कूल की व्यवस्था हो ऐसा उनका कहना है। उनका प्रयास है कि गांव में ही लोग मिलजुल कर स्कूल के लिए भवन निर्माण में योगदान करें। अभी उन्हें सफलता नहीं मिली है। लेकिन भविष्य के लिए वह आशान्वित है। विल्कीस राना के पति प्रत्येक कार्य में उनकी सहायता करते हैं।

उदाहरण 3

मेरठ के शाहजहांपुर गांव में ग्राम प्रधान हुमैरा बेगम निर्वाचित सदस्या हैं। वे अपने सभी निर्णय स्वंय लेती हैं वे किसी प्रकार के कार्य के लिए अपने पति पर निर्भर नहीं हैं। वे अभी, हाल ही में अखिल भारतीय प्रधान मण्डल की महासचिव भी नियुक्त की गई है। उनका मानना है कि प्रधान चुनी गई अन्य महिलाओं के लिए अभी भी स्वत्रंत रूप से काम करना मुश्किल है।

उदाहरण 4

दलित सरपंच सविता बहन की सफल संघर्ष गाथा

साबरकांठा के हिम्मत नगर से तीस एक मील दूर सढ़ा गांव की सविता बहन ग्राम की सरपंच हैं। सन् 1995 के चुनावों में बहुमत से विजेता रहीं। सविता बहन ने चुनाव के पश्चात ग्राम विकास के काम हाथ में उठाए हुए हैं। पंचायत के जमा कोष से ग्राम विकास के लिए सरपंच सक्षम है। सविता बहन ने इस जमा कोष का प्रयोग करके गांव की आवश्यकता के अनुरूप 1200 फुट की RCC सड़क बनावाई और 700 फुट की पाइप लाइन बिछवाई। पानी की टंकी बनवाई, गांव के लिए सामूहिक केन्द्र तथा बिजली मोटर भी लगवाई। गांव के असहाय लोगों को असहाय–सहायता योजना का लाभ दिलाया। उनके कार्यों से गांव वाले उनकी प्रशंसा करते नहीं थकते थे। किन्तु उनके इस कार्य से पंचायत के अन्य सदस्य उनसे ईर्ष्या करने लगे। उन्हें यह बिल्कुल मंजूर नहीं था कि एक दलित महिला ग्रामीण विकास के कार्यों का यश लेलें। इसके फलस्वरूप उन पर हैण्ड पम्प के प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार, दुर्व्यवहार के आरोप लगाए गए। उन पर हैण्ड पम्प के प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया किन्तु हैण्ड पम्प बनाने वाले ठेकेदार ने अपने स्टैम्प पेपर पर लिख कर दिया कि सविता बहन निर्दोष हैं। तब भी पंचायत के सदस्यों ने सविता बहन को तंग करना बंद नहीं किया। किन्तु वे सफल न हो सके। अन्ततः सबने मिलकर षड़यंत्र करके सरंपच के पद से उन्हे बर्खास्त कर दिया। इतना सब होने के बाद भी उन्होंने हार नही मानी। उन्होंने अन्याय का बदला लेने के लिए अदालत में मुकद्दमा दायर कर दिया। अदालत ने चुनाव का आदेश दिया। 1998 अक्टूबर के चुनावों में पुनः वे भारी बहुमत से जीत गईं। इस प्रकार उन्होंने सिद्ध कर दिया कि वे एक सफल एवम् संघर्षशील महिला हैं।

उदाहरण 5

श्रीमति ओमवती ग्राम पंचायत बरलाजट, जिला मुज्जफरनगर की प्रधान है। श्रीमती ओमवती दलित समाज से हैं। ग्राम पंचायत में बोलबाला जाटों का है तथा उप प्रधान भी जाट है। उप प्रधान व पंचायत के अन्य सदस्यों ने मिल कर निर्वाचित महिला प्रधान को कहा कि तुम अनपढ़ हो तथा तुम्हें क्या पता कि प्रधानी क्या होती है। इसलिए अपने पद से इस्तीफा दे दो। तुम पंचायत के सभी कागज हमारे हवाले कर दो। तुम संभाल नहीं पाओगी। सभी लोग एक साथ मिल कर महिला सरपंच से उसकी प्रधानी छीनने की कोशिश में लगे थे। जब वे सफल नहीं हो पाए तब उन्होंने महिला सरपंच तथा उसके परिवार को धमकाया तथा हमला करने की कोशिश भी की गई। तब उस महिला सरपंच ने पुलिस का दरवाजा खटखटाया। अंततः निर्भीक महिला प्रधान ने उप प्रधान को, जो उसे प्रधान के पद से हटाना चाह रहा था, 24 दिन जेल की सजा दिलवाई।

उदाहरण 6

ग्रामीणों ने तय की अपनी राह

चंदवारा के ग्रामीणों ने निर्वाचित पंचायत की उपेक्षा से क्षुब्ध होकर समानांतर पंचायत का गठन किया। नतीजा सबके सामने हैं।

बांदा जिला के यमुना नदी के किनारे बसा है एक गांव चंदवारा। बुन्देलखण्ड के तमाम गांवों की तरह यह गांव भी अनेक समस्याओं से ग्रसित है। लेकिन यह गांव एक मामले में अन्य तमाम गॉवो से भिन्न भी है। जहां अन्य गांवों में मुख्य फसल बारिश के दौरान होती है वहां एक गांव में बरसात के दौरान कृषि कार्य असंभव हो जाता है। कारण है मानसून के तीन महीनों के दौरान ग्रामवासियों की ज्यादातर कृषि यमुना की बाढ़ के पानी के तले रहती है। और रबी की फसल बुन्देलखण्ड की अन्ना प्रथा की भेंट चढ़ जाती है। अन्ना प्रथा के तहत पशुओं को चराई के लिए खुला छोड़ दिया जाता है। ग्रामवासियों ने निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों से बार–बार गुहार की कि वे उनकी फसलों की रक्षा करने में मदद करें। लेकिन पंचायत पर इन गुहारों का कोई असर नहीं हुआ। उधर ग्रामवासियों की विपन्नता बढ़ती जा रही थी। उन्होंने छोटे–छोटे समूहों में फसलों की सुरक्षा पर चर्चा शुरू की। चर्चा का एक विषय होता था फसल की सुरक्षा कैसे की जाए। धीरे–धीरे छोटे समूह आपस में जुड़ते चले गए। चर्चा का दायरा बढ़ता गया। लगभग दो वर्षो पहले रबी की बुआई के पहले पूरे गांव की बैठक की गई। इस बैठक में फसलों को अन्ना जानवरों से बचाने के उपायों पर चर्चा की गई।

अंततः एक ऐसी ही बैठक में फसलों को बचाने की रणनीति बनाई गई। रणनीति के अनुसार कोई भी व्यक्ति अपने या किसी दूसरे के खेत से फसल का तिनका भी नहीं तोड़ेगा। यदि वह ऐसा करता है तो वह अर्थदण्ड का भागी होगा। सभी ग्रामवासी अपने पशुओं को बांध कर रखेंगे तथा उन्हें चारा देंगे। यदि किसी का पशु खुला पाया गया तो वह भी अर्थदण्ड का भागी होगा। फसलों की रखवाली के लिए चार चौकीदारों की नियुक्ति की गई। इन चौकीदारों के वेतन का भुगतान अर्थदण्ड से प्राप्त धन से किया गया।

पहले ही वर्ष इस प्रयोग के उत्साहजजनक परिणाम दिखाई दिए। अगली फसल के दौरान भी यही व्यवस्था लागू की गई। इस बार फर्क इतना था कि आस पास के गांवों के लोगों से भी कहा गया कि वे अपने पशुओं को बांध कर रखें। लेकिन इसके लिए पड़ोसी ग्रामीणों पर काफी दबाव बनाना पड़ा। कई मामलों में तो पड़ोसी गांव के पशुओं को कांजी हाउस में बंद भी करना पड़ा।

इस प्रयोग की जड़ें पचास के दशक में चल रही फसल सुरक्षा की व्यवस्था में तलाश की जा सकती हैं। लेकिन उस समय इस व्यवस्था को लागू करती थी तत्कालीन न्याय पंचायत। उस समय व्यवस्था को लागू किया जाता था उदाहरण प्रस्तुत करके। ग्रामवासी बताते हैं जब एक बार उस समय किसी व्यक्ति ने खेत से चने उखाड़े और उसने अर्थ दण्ड देने से इन्कार कर दिया। न्याय पंचायत के सामने समस्या थी जब्त किए चनों का किया क्या जाए। वे चने भूने गए तथा न्याय पंचायत के पदाधिकारियों ने उन्हें खाया। अगले दिन न्याय पंचायत के सरपंच ने अपने ऊपर पांच रूपये तथा सभी सदस्यों पर दो–दो रूपये का अर्थदण्ड लगाया। तब जाकर उस व्यक्ति ने अर्थदण्ड का भुगतान किया।

उदाहरण 7

मिले जुले अनुभव

पखनपुरा की ग्राम प्रधान रूखसाना एक खाते पीते घर से है तथा अपने अधिकारों, दायित्वों,

कार्यों के बारे में काफी कुछ जानती हैं। उनका कहना है कि उन्हें ग्रामवासियों, पंचायत सदस्यों तथा प्रशासन से और अधिक सहयोग चाहिए। दूसरी ओर सोनड़ी ग्राम पंचायत की सदस्या नेता कुमारी तिवारी अपनी प्रधान के असहायोगात्मक रवैये को कोसती हैं। मल्लूडीह ग्राम पंचायत की सदस्या अनारकली देवी एक चाय की दुकान चलाती हैं। जहां गांव के अधिकांश व्यक्ति एकत्र होते हैं एवं गांव के बारे में बातचीत करते हैं। इस तरीके से वह ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा के सदस्यों के साथ संपर्क में रहती हैं। लेकिन दूसरे छोर पर हैं मैनपूर पकड़ियाड़ की ग्राम प्रधान अलेनिया जिन्होंने साफ स्वीकार किया कि वे पुरूष तथा महिला प्रतिनिधियों, पंचायत सचिव तथा पुरूष एवं महिला सरकारी अधिकारियों के संपर्क में नहीं रहतीं।

"क्या आप चुनाव लड़ेंगी" इस प्रश्न के कुछ रोचक उत्तर मिले। हालांकि गाजीपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष सीमा यादव तेज तर्रार महिला के रूप में जानी जाती हैं फिर भी उनका कहना था कि वह अगला चुनाव तभी लड़ेंगी जब सीट महिला के लिए आरक्षित होगी। सिसवां महल कुटी ग्राम पंचायत की सदस्या भुलुरी देवी का कहना था कि वे आगे से चुनाव नहीं लड़ेंगी लेकिन उन के पति साक्षात्कार के दौरान ही उन पर दबाव डाल रहे थे कि उन्हें अगला चुनाव लड़ना ही होगा क्योंकि उन के पति प्रधानी का सारा काम देखते हैं। राधिका इण्टरमीडिएट है उनका आठ महीने का बच्चा है तथा उन्हें ग्राम प्रधान के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्य संभालना पड़ता है। प्रभावी पंचायत प्रतिनिधि बनाने के लिए आवश्यकताएं बहुत अलग–अलग होती हैं। इनमें से कुछ समुदाय के हितों से संबंधित हैं तथा शेष संकीर्ण व्यक्तिगत हितों से प्रेरित हैं। करमैनी प्रेमवलिया की ग्राम प्रधान टेटरी देवी ने महिलाओं के लिए दरी बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया है। लेकिन उन्हे दुःख है कि अगड़ी जाति के लोग अभी भी अछूत मानते हैं। फिर भी उनकी बढ़ती लोकप्रियता से पंचायत के पुरूष भयभीत हैं तथा वे अब लगभग एकमत हैं कि आगे से वे ही पंचायत का चुनाव लड़ेंगे तथा सारा कार्य स्वंय करेंगे क्योंकि वे महिलाओं को बोलने तथा कार्य करने के लिए नहीं देना चाहते हैं। बेलवा पलकधारी सिंह ग्राम पंचायत की सदस्या गुलाबी देवी का सोचना है कि यदि गांव में ऐसी कोई परियोजना आ जाए जिससे कि गांव की सभी महिलाएं संयुक्त रूप से धनार्जन करने लगें तथा पुरूष भी जीवकोपार्जन करने लगें तो गांव का विकास हो जाएगा तथा ग्रामवासी हमें अच्छा प्रतिनिधि मानने लगेंगे। अंत में घमरौली ग्राम पंचायत की निरक्षर ग्राम प्रधान के विचार काफी महत्वपूर्ण हैं। उनका कहना है कि प्रभावी प्रतिनिधि बनने के लिए स्वतंत्रता सबसे बड़ी आवश्यकता है। उसके बाद आता है पर्याप्त धन जिससे विकास कार्य करवाए जा सकें तथा महिलाओं के लिए विशेष विकास के कार्यक्रम चलाए जा सकें।

उदाहरण 8

पंचायत प्रक्रियाओं में ऐसे सक्रिय हुई सोनिया-पुनिया

उत्तर प्रदेश के बांदा जिले का विकास खण्ड जसपुरा विकृत सांस्कृतिक जड़ता का जबरदस्त रूप से शिकार है। यहां महिलाओं पर पुरूषों से बात करना गलत माना जाता है त्रिस्तरीय पंचायतों में महिला आरक्षण को भी लोगों ने नाकाम कर दिया था। महिला आरक्षित पदों पर परिवार के पुरूषों ने महिला को चुनाव में खड़ा किया वह जीत कर भी आई किन्तु क्या मजाल की वह अपने सचिव अथवा अन्य पंचायत प्रतिनिधि से बात भी कर सकें।

ऐसे चुनौती भरे माहौल में पंचायत अध्ययन एवं संदर्भ केन्द्र ने प्रयोग के तौर पर विकास खण्ड जसपुरा में पंचायत सशक्तिकरण हेतु काम प्रारम्भ किया। इन्ट्री प्वाइन्ट के रूप में पिछले वर्ष अगस्त में विकास खण्ड कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। तीस ग्राम पंचायतों वाले इस विकास खण्ड की ग्यारह महिला प्रधानों में से कोई इस प्रशिक्षण में आए यह तो दूर की बात है, केन्द्र द्वारा भेजे गए पत्र भी उन महिला प्रधानों तक नहीं पंहुचने दिए गए। सोनिया एकमात्र ऐसी प्रधान हैं जोकि अपने पति जयराज के साथ इस प्रशिक्षण में शामिल हुईं।

केन्द्र के कार्यकर्ताओं ने श्रीमती सोनिया को एक आशा की किरण के रूप में पाया। उन्हें हाथों हाथ लिया। तारीफ के पुल बांधे तथा प्रशिक्षण की विभिन्न प्रक्रियाओं में उनकी टूटीफूटी भाषा और लड़खड़ाते शब्दों को प्रशिक्षकों ने अपनी भाषा और अपने शब्द दे कर प्रोत्साहित किया। विभिन्न सत्रों में पुरूष प्रधानों को नियंत्रित रख सोनिया के लिए सुरक्षित तथा मर्यादित वातावरण बनाए रखा तथा समापन सत्र की अध्यक्षता भी सोनिया से करवाई। ग्राम प्रधान संघ के गठन में केन्द्र के कार्यकर्ताओं ने सोनिया के लिए थोड़ी सी पैरवी कर उन्हें ग्राम प्रधान संघ का उपाध्यक्ष मनोनीत करवा लिया।

प्रशिक्षण से गांव लौंटने के बाद सोनिया ने ये सारी बातें अपनी सखी पुनिया को बताई जोकि पढ़ी लिखी, थोड़ी जागरूक तथा अपनी पंचायत में निर्माण समिति की अध्यक्षा हैं। जिस तरह का अवसर सोनिया को मिला था उसके लिए पुनियां के मन में भी लालसा जागी। तभी ग्राम पंचायत स्तर पर एक दिवसीय पंचायत प्रतिनिधि प्रशिक्षण हेतु डाक द्वारा केन्द्र की ओर से एक पत्र पुनियां को भी मिल गया। पुनियां को भी अपनी मुराद पूरी होती नजर आई। केन्द्र के साथी जब प्रशिक्षण के लिए खप्टिहा खुर्द पहुंचे तो वहां का नजारा ही बदला हुआ था। यहां महिलाओं की संख्या पुरूषों से कहीं अधिक थी। प्रशिक्षण के दौरान भी सर्वाधिक सवाल महिलाओं की ओर से खड़े किये गये। केन्द्र के कार्यकर्ताओं ने ग्राम प्रधान प्रशिक्षण शिविर के दौरान जो किरण देखी अब वह प्रकाश पुंज के रूप में दिखाई दे रही थी। खप्टिहा खुर्द ग्राम पंचायत पर खास ध्यान देना आरम्भ किया। सोनिया पुनियां के प्रयासों से आज गांव की बहुत सारी महिलाएं संगठित हैं तथा पंचायत प्रक्रियाओं में खुल कर भाग ले रही है।

उदाहरण 9

उत्साह महिला प्रधान

कलावती ग्राम मिरगढ़वा की प्रधान हैं। यह ग्राम विकास खण्ड कालाकांकर, तहसील कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ राज्य उत्तर प्रदेश में है। कलावती जी ने पंचायत चुनाव जीतने के बाद ग्राम प्रधान का पद संभाला। कुछ समय तक इन्हें बाहर निकलने, किसी अधिकारी से बातचीत करने में झिझक, संकोच रहती थी, परन्तु इनके पति ने इनके कार्यों में सहयोग किया, जिससे ग्राम प्रधान की झिझक दूर हो पायी । इन्होंने इण्डियन रूरल टेक्नॉलोजी डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के विभिन्न प्रशिक्षणों में भागीदारी लिया। तब इन्होंने प्रशिक्षणों के महत्त्व को समझा और प्रशिक्षण के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बक्शी का तालाब, लखनऊ में भी पंचायती राज का प्रशिक्षण हेतु सहभागी शिक्षण केन्द्र लखनऊ के माध्यम से प्रिया, नई दिल्ली द्वारा भोपाल में आयोजित *नागरिकता, सहभागिता एवं जनतंत्र* सम्मेलन में भी भागीदारी निभायी। इन्होंने इन प्रशिक्षणों एवं शौक्षिणिक भ्रमणों से अनुभव व ज्ञान प्राप्त किया।

ग्राम प्रधान कलावती ने सर्वप्रथम खुली बैठक में हुए निर्णय के अनुसार कार्य करना आरम्भ कर दिया। ग्राम सभा की खुली बैठक में सर्वप्रथम पंचायत भवन बनवाने का प्रस्ताव रखा गया था। कलावती जी बहुत संघर्ष के बाद पंचायत भवन बनवा पाई। पंचायत भवन बनवाने में मुकदमें बाजी भी हुई। पंचायत भवन बन गया परन्तु मुकदमा आज भी ग्राम प्रधान को लड़ना पड़ रहा है। उन्होंने दूसरा सबसे बड़ा कार्य किया सभी पुरवों/वार्डों में खडंजा, पुल, नाली का निर्माण तथा शुद्धपेय के लिए सभी वार्डो में कुल 20 इण्डिया मार्क हैण्डपम्प की व्यवस्था करवाकर लगवाई। गरीबों के लिए इन्होंने 10 इंदिरा आवासों का भी निर्माण कराया है तथा बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत में स्वंय सहायता समूहों के गठन में सहयोग भी दिया गया है।

कलावती जी के ग्राम प्रधानी के कार्यकाल में बहुउद्देशीय कर्मी श्री हरिद्वारा प्रसाद मौर्य का पंचायत में पर्दापण हुआ जो शिक्षित एंव ईमानदार हैं। इनके आने से सभी रजिस्टर बनाए गये जिसकी वजह से कार्य में गति आने लगी। कार्तिकी पूर्णिमा का समय आ रहा था, खरीफ की खुली बैठक होने की तिथि भी घोषित हो गयी थी, जिसमें बहुत सारे मुद्दों पर बातचीत होनी थी। ग्राम सभा की खुली बैठक हुई। बैठक में प्रस्ताव किये गये कि विद्युत खम्भों में बल्ब तथा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाए तथा अमावस्या, पूर्णिमा के दिन मेले से कर वसूला जाये जिससे ग्राम पंचायत को आमदनी हो सके। तीसरा प्रस्ताव आया कि राशन की दुकान से मिट्टी का तेल एवं राशन नहीं मिल पाता है, इसलिए कोटेदार को बदला जाये।

ग्राम प्रधान कलावती ने ग्राम सभा की खुली बैठक में लिए निर्णयों को गम्भीरता से लिया और सर्वप्रथम विद्युत खम्भों में बल्ब तथा स्ट्रीट लाइट लगवाने का सफल प्रयास किया। ग्राम प्रधान ने दूसरा कार्य कर वसूलने का भी प्रण किया। कार्तिकी पूर्णिमा को अपने कर्मचारियों द्वारा रुपये 2,100.00 की वसूली भी की तथा सम्पूर्ण खर्चों को कटौती करते हुए रूपये 594.00 ग्राम निधि खाते में जमा कर दिये गये। इस प्रकार ग्राम पंचायत में कर वसूलने का कार्य सदैव के लिए जारी हो गया। तीसरे निर्णय की ओर ग्राम प्रधान अग्रसर है और राशन की दुकान नियमित एवं सुचारू रूप से अपनी सेवायें प्रदान करें इस दिशा में वे प्रयासरत हैं।

ग्राम प्रधान कलावती ने विकास कार्यों में कठिन परिश्रम से रूचि दिखाई है जो क्षेत्र में लोगों एवं कर्मचारियों द्वारा सराहनीय माना जा रहा है। परन्तु आने वाले पंचायत चुनाव में वे क्या दूबारा प्रधान बनकर आयेंगी, इसको तो वहां के ग्राम सभा के लोग ही तय करेगें।

मध्यप्रदेश (Madhya Pradesh)

उदाहरण 1

मध्यप्रदेश में महिलाओं के समर्पित रूप से काम करने के अनेक उदाहरण है। श्रीमति लक्ष्मी उज्जाल, लाह सुरिया ग्राम पंचायत की सरपंच है। शुरू में सरपंच ने अपने पति की छाया में कार्य

कराना शुरू किया। लेकिन उसको अपना दब्बूपन पसन्द नहीं आया। अतः उसने स्वयं ब्लाक कार्यालय में जाकर अपनी पंचायत के विकास कार्यक्रमों की सूचना इकट्ठा करना आरम्भ कर दिया। जैसे उसका सम्बंध बाहर की दुनिया से होता गया, वैसे वैसे उसकी समझ पनपती गई। इसी समझ के कारण उसने ग्राम विकास के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की तथा सामुदायिक रूप से गांव में मंदिर निर्माण करके पहल की तथा साक्षरता में अपनी लीडरशिप की धाक जमा दी। ग्राम पंचायत के विभिन्न कार्यों को करने के लिए उसने मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखे हैं।

उदाहरण 2

महिलाओं की साहसी पहल

मध्यप्रदेश के सिहोर जिले की जमुनिया तालाब ग्राम पंचायत की गीता राठौर 1995 में आरक्षित सीट से सरपंच चुनी गई। अपने इस कार्यकाल में राठौर ने अपने काम से ग्रामीणों को मोहित कर दिया। परिणामस्वरूप 2000 में जब वह गैर–आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने के लिए आगे आई तो किसी अन्य प्रत्याशी को चुनने के बजाय लोगों ने उन्हें ही पुनः सरपंच चुन लिया। 1995 से पहले यदि गीता के व्यक्तिव पर गौर फरमाया जाए तो वह एक कुशल गृहणी के अलावा गांव के मामलों से दूर रहने वाली, अपनी गृहस्थी में निमग्न एक आम महिला थी। लेकिन आज उन के पास एक पंचायत की जिम्मेदारी है। अब उनका कौशल राजनीतिक प्रबंधन में देखा जा सकता है। मौके को चूकना वह नहीं जानती। यह उनकी कुशलता ही कही जाएगी कि आज जमुनिया तालाब पंचायत हर मामले में संपन्न है बच्चों का स्कूल हो या पेयजल की सुविधा या फिर वहां की सड़के–हर चीज दुरूस्त नजर आती है।

स्थानीय शासन व्यवस्था की बुनियादी इकाई के रूप में पंचायत की भूमिका अहम होती है। पंचायतों के लिए सरकार कई प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराती है। लेकिन जानकारी के अभाव में कई योजनाएं पंचायत की जमीन पर उतर नहीं पातीं। गीता राठौर ने इस दूरी को पाट डाला। और वे सभी सुविधाएं पंचायत को उपलब्ध करवाई जो स्थानीय स्वशासन के माध्यम से संभव हैं इसके बाद जारी महिला उत्पीड़न जैसे मामले पर उन्होंने सख्ती से पाबंदी लगाई। इतना ही नहीं घरेलू हिंसा तक का निपटारा भी वह बड़ी सफलता से करती हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता और वृक्षारोपण को भी उन्होंने प्रोत्साहित किया। इन कारनामों का ही परिणाम है कि आज गीता राठौर महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन गयी हैं।

उदाहरण 3

भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का प्रतीकः सोजरबाई

सोजरबाई सिर्फ नाम नहीं है, बल्कि यह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का एक प्रतीक बन गया है। मध्यप्रदेश के हरदा जिले की ग्राम पंचायत रामटेक की अनुसूचित जाति के बलाई समुदाय की सरपंच श्रीमती सोजरबाई के संघर्ष का ही परिणाम है कि जनपद पंचायत खिरकिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित किया जा सका। यद्यपि पंचायत राज

व्यवस्था के अंर्तगत पंचायत इकाइयों को कई अधिकार दिये जा चुके हैं, किन्तु कई मामलों में नौकरशाही अभी भी हावी है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पद इसी श्रेणी में माना जा सकता है। यहां जनपद स्तर पर शिक्षाकर्मियों की नियुक्ति, हितग्राही योजनाओं एवं ग्राम पंचायतों को वित्तीय आवंटन के मामले में यह सदैव विवादास्पद रहा है। कहा जाता है कि प्रदेश की अधिकांश जनपद पंचायतों में इस पद पर नियुक्त अधिकारियों ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। यही कारण है कि प्रदेश सरकार ने कई नये नियमों के जरिय वित्तीय आवंटन में इनकी भूमिका को कम करने के प्रयास किये, जिसके अंतर्गत सरकार ग्राम पंचायतों को सीधे उनके बैंक खाते में राशि आवंटित करती है। किन्तु भ्रष्टाचार को रोकने का सही उपाय लोगों एवं जन प्रतिनिधियों की जागरूकता में है। रामटेक की सरपंच सोजरबाई इसका सबूत हैं, जिन्होंने निरक्षर एवं समाज के निचले तबके की होते हुए भी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की एक मिसाल कायम की है।

जिम्मेदारी से हिम्मत आयी

अपनी 5 एकड़ असिंचित जमीन और खेतीहर मजदूरी के जरिये 6 बच्चों का पालन–पोषण करने वाली सोजरबाई ने 3 अन्य प्रत्याशियों के मुकाबले करीब साढ़े चार सौ मतों से चुनाव जीत कर पूरे खिरकिया ब्लाक में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले सरपंचों की श्रेणी में सबसे ऊपर अपना नाम दर्ज करवाने में सफलता प्राप्त की थी। इससे पहले वे पंचायत के किसी भी पद पर नहीं रहीं। जब आदिवासी–बहुल इस पंचायत का सरपंच पद अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित हुआ तो गांव के लोगों के कहने पर वह चुनाव में खड़ी हुई। सोजरबाई बताती हैं कि सरपंच बनने से पहले मैं एक बार भी खिरकिया नहीं गयी थी। लेकिन जब सरपंच की जिम्मदारी सिर पर आयी और कुछ लोग मेरे पद का गलत फायदा उठाने लगे तो मैंने खुद आगे आने की हिम्मत जुटायी। अब मैं स्वय महीने में 8-10 बार खिरकिया जाती हूं और पंचायत के लिए नयी–नयी योजनाओं की जानकारी लेती हूँ। प्रशासन के साथ होने वाली दिक्कतों के बारे में सोजरबाई बताती है कि खिरकिया जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से कई सरपंच और नेता परेशान थे। लेकिन सब उससे डरते थे सभी लोग उसको रिश्वत देकर अपना काम करवाते थे। कोई भी उसके खिलाफ शिकायत नहीं करता था। लेकिन सोजरबाई ने चुनाव जीतने के कुछ ही महीनों बाद उसके खिलाफ लड़ाई शुरू कर दी।

हिमाचल प्रदेश (Himachal Pradesh)

उदाहरण 1

महिला नहीं पंचायत प्रधान के नाते काम करती हूँ

पंचायती राज अधिनियम के लागू होते ही महिलाओं को भी आरक्षण मिला। आज पूरे देश

में महिलाएं पंचायती राज व्यवस्था को संभालने के काम में लगी हुई हैं। इस क्षेत्र में हालांकि समस्याएं भी बहुत हैं लेकिन महिलाओं ने बहुत कुछ कर भी दिखाया है। हिमाचल प्रदेश के कंगड़ा जिले की डोहग देहरियां विकास खण्ड देहरा की ग्राम पंचायत प्रधान श्रीमती रूमा कौंडल से पंच परमेश्वर ने एक बातचीत की।

33 वर्षीय रूमा कौंडल दसवीं पास हैं और उनके पति श्री जगतराम कौंडल वन विभाग में रक्षक के पद पर कार्यरत हैं। खेती–बाड़ी का काम सक्रिय रूप से श्रीमति कौंडल घर के काम के साथ–साथ करती हैं। दूसरों के लिए काम करने की सोच और इसका अच्छा माहौल परिवार के हर सदस्य के दिल में देखा जा सकता है। 11 व 13 वर्षीय दो लड़कों की मां रूमा कौंडल कहती हैं पंचायत प्रधान का चुनाव उन्होंने लोगों की सेवा करने के लिए लड़ा। छोटे–छोटे मसले गांव स्तर पर निपटाना और जरूरत के आधार पर विकास करवाना जैसे विषयों की जानकारी भी रूमा को है। रूमा की राजनीति में कोई रूचि नहीं है परन्तु वे मानती हैं कि यदि प्रधान राजनीति में उलझेगा तो समझो विकास के कामों में रूकावट आयेगी। इसलिए राजनीति में आकर प्रधानों को विकास में रूकावट का कारण नहीं बनना चाहिए। रूमा को शुरू में सरकारी कर्मियों के साथ काम करने में हिचकिचाहट होती थी लेकिन अब कोई परेशानी नहीं है। रूमा कहती हैं न केवल गांव की महिलाओं व पुरूषों से बल्कि सरकारी तंत्र से भी अब उनको अच्छा सहयोग मिलता है।

जाति विशेष के आचरण के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में रूमा ने बताया कि वे जातिवाद पर विश्वास नहीं रखतीं अतः सबके लिए समान विकास की पक्षधर हैं।

रूमा का सपना है कि उनकी पंचायत आत्मनिर्भर, साक्षर और स्वच्छ बने। महिलाओं को प्रशिक्षण देकर पंचायती राज व्यवस्था समझाने की वे वकालत करती है कि पुरूषों को भी पंचायातों के काम–काज के बारे में प्रशिक्षण लेना चाहिए। प्रशिक्षण के लिए गैर–सरकारी संस्थानों की भूमिका से वे भली भांति परिचित हैं।

उदाहरण 2

कुटीर उद्योगों की हिमायती हैं।

भूतपूर्व सैनिक की 55 वर्षिय पत्नी है श्रीमति कमला देवी। गत पंचायत चुनावों में वे कांगड़ा जिला के देहरा विकास खण्ड की गुम्मर ग्राम पंचायत के हटली वार्ड से पंच चुनकर आई हैं। यह वार्ड अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित होने के कारण ही कमला को पंचायत में आने का मौका मिल सका। कमला देवी को हालांकि पंचायती राज अधिनियम की ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन पंचायत क्षेत्र की समस्याओं और उनके हल के बारे में वह अच्छी तरह से जागरूक हैं। कमला अपने वार्ड में पेयजल की समस्या को दूर करने, रास्ते पक्के करवाने और बेरोजगारी पर जीत पाने पर प्राथमिकता के आधार पर काम करना चाहती हैं। अब तक वे अपने प्रयासों से गांधी कुटीर योजना के तहत एक मकान, रास्ता पक्का करवाने और नल लगवाने के काम करवा चुकी हैं। उन्हें पंचायतें खुद योजना बनाएंगी व चलाएंगी के बारे में कोई ज्ञान नहीं है। पूर्णतः अनपढ़ता हालांकि इन के काम में बाधा नहीं लेकिन कागजी प्रक्रिया में अड़चन जरूर पैदा करती है। विधवाओं

के लिए कोई प्रभावशाली कार्य करने और अपनी पंचायत में शराबबंदी पर विशेषकार्य करना चाहती हैं। उनका कहना है कि गांवों में शराब ने समाज में महिलाओं को जिल्लत की जिन्दगी जीने पर मजबूर किया है। कमला देवी कहती हैं कि पंचायतों को सरकारी अनुदान बहुत कम मिलता है। वे पंचायतों में लघु उद्योगों की स्थापना करके बेरोजगारी दूर करने की वकालत करती हैं। देश की खुशहाली के लिए स्थिर सरकार बनाने का सपना वह जरूर देखती हैं।

उदाहरण 3

उखा देवी- एक सार्थक महिला प्रधान

एक विश्व–प्रसिद्ध, अनबूझ पहेली का नाम है रूपकुण्ड। एक ऐसा कुण्ड जो हिमालय की दुर्गम ऊंचाई (लगभग 17,000 फीट) पर स्थित है तथा जो साल में 11 महीने बर्फ से ढ़की रहती है। इसमें कंकालों के न पाये जाने की वजह से इसे "मिस्ट्री लेक" अथवा रहस्यमयी झील कहते हैं। इस मार्ग पर अंतिम में एक गांव है जो सड़क से 14 कि.मी. तथा 7,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।

इस गांव में एक छोटी सी, अनपढ़ किन्तु दबंग महिला का निवास है। नाम है उखा देवी जो इस विशाल गांव आबादी; 1500-1200 राजपूत, 300 दलित की ग्राम प्रधान है। उखा देवी अनपढ़ हैं– उसे केवल अपने हस्ताक्षर करने आते हैं – किन्तु गांव की समस्याओं तथा महिलाओं की स्थिति पर उसकी पूरी पकड़ है।

सितम्बर, 1999 के अन्तिम दिनों में ग्राम पंचायत की एक मीटिंग के अवलोकन के दौरान, उखादेवी उस मीटिंग में अकेली महिला सदस्य थीं शेष सभी पुरूष। सभी वार्ड सदस्य उस पर अपने वार्डो में काम करने का दबाव डाल रहे थे। उखा देवी ने सबकी बातें सुनी और कहा, मैंने तुम तमाम पुरूषों की बात सुनी। तुम सभी खड़ण्जा, शौचालय तथा भवन निर्माण की ही बातें करते हो जबकि यहां मुख्य समस्या चारे व लकड़ी की है। अतः मेरे विचार से केवल एक महिला शौचालय बनेगा तथा बजट का शेष पैसा जंगल की चार दीवारी बनाने में खर्च होगा।

उखा देवी के इस कथन पर पुरूषों ने जोरदार विरोध किया। किन्तु उसने कहा कि कटाई का समय होने के कारण महिला सदस्य मीटिंग में नहीं आ पायी तो तुम लोग मुझ पर जोर जबरदस्ती नहीं कर सकते। मैंने जो कहा है वही होगा तथा गांव में ठेके की प्रथा नहीं होगी। शौचालय मैं स्वंय बनवाऊंगी तथा जंगल का जिम्मा महिला मण्डल दल का होगा। इसका अनुमोदन ग्राम सभा की बैठक में होगा तथा संपूर्ण आय व्यय का लेखाजोखा ग्राम सभा के नोटिस बोर्ड पर लगा दिया जाएगा।

उखा देवी का आत्म विश्वास देखने लायक था। जब तक मीटिंग खत्म हुई, शाम ढ़ल चुकी थी और उसे करीब 2 कि.मी. दूर अपने गांव जाना था। जब उन से पूछा गया कि वे कैसे जाएंगी? अरे यह मेरा सेक्रेट्री जो साथ है। उसने एक नौजवान की तरफ इशारा किया। उस सेक्रेटी ने एक बैग थामा हुआ था। यह मेरा चलता फिरता आफिस है, यह सारे नियम कानून मुझे पढकर सुनाता है, तभी मैं किसी कागज पर दस्तखत देती हूं।

कर्नाटक (Karnataka)

उदाहरण 1

दो बहिष्कारों के बाद बनी महिला पंचायत

आज की पुरूष प्रधान राजनैतिक प्रणाली में जहां महिलाएं एक ओर अपने राजनैतिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं वहीं राजनैतिक सीढ़ी की कम से कम एक सबसे निचली सीढ़ी–ग्राम पंचायत–पर केवल महिलाओं का कब्जा होना अपने आप में एक सुखद संयोग ही कहा जाएगा। एक सर्व महिला ग्राम पंचायत कर्नाटक राज्य के शिमोगा जिले के भद्रावती तालुका के म्यडोलालू गांव में है।

म्यडोलालू गांव शिमोगा जिला मुख्यालय से लगभग 25 कि.मी. दूर है। इस ग्राम पंचायत में म्यडोलालू गांव के अलावा दो अन्य गांव–मल्लापुर तथा कल्लाजनाल – भी हैं। ग्राम पंचायत की जनसंख्या लगभग 5,000 है। म्यडोलालू ग्राम पंचायत के अंर्तगत आने वाले तीनों गांव संपन्न हैं। लेकिन यहां के पुरूष आलसी तथा निकम्मे हैं तथा सारा कार्यभार महिलाओं के जिम्मे है।

ग्राम पंचायत में 11 निर्वाचित प्रतिनिधि हैं तथा ये सारी महिलाएं हैं। वास्तव में पूरे कर्नाटक में यह इकलौती सर्व महिला ग्राम पंचायत है लेकिन इसका सचिव पुरूष है। कहा जाता है कि इस सर्व महिला ग्राम पंचायत के पीछे गांव के एक प्रभावशाली व्यक्ति का हाथ है। सभी महिलाओं ने पहली बार इस तरह की जिम्मेदारी संभाली है तथा उन्हें किसी पद पर कार्य करने का पहले से कोई अनुभव नहीं है। वे 20 से 40 वर्ष आयु वर्ग में है तथा एक को छोड़कर सभी विवाहित हैं। गांव की जातिसंरचना जटिल है। ज्यादातर निर्वाचित प्रतिनिधि पिछड़ी जातियों से हैं लेकिन शिक्षित हैं।

इन तीनों गांवों में चुनावों का दो बार बहिष्कार किया गया था क्योंकि पंचायतें निष्क्रिय थीं। लेकिन तीसरी बार उन्हें सरकार की ओर से एक नोटिस मिली कि यदि उन्होंने पुनः चुनावों का बहिष्कार किया तो प्रशासनिक तंत्र कार्य करने लगेगा और पचायत में एक प्रशासक की नियुक्ति कर दी जाएगी।

अंत में गांव वालों ने चुनावों के बारे में सोचा। लेकिन उन्होंने एक अलग तरह की ग्राम पंचायत के बारे में विचार किया। उन्होंने इसमें कुछ विशेषताएं शामिल करने का निर्णय लिया। और इस तरह से प्रयोगात्मक तौर पर जन्म हुआ एक सर्व महिला ग्राम पंचायत का ताकि महिलाओं को कुछ विशेष कार्य दिया जा सके।

गांव वालो से चर्चा से पता चला कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, आदि के साथ सदस्यों के निर्वाचन में कोई अड़चन नहीं थी। सदस्यों के बारे में गांव वालों की राय अच्छी थी। उनका मानना था कि उनका कार्य संतोषजनक है तथा उनका रवैया सहयोगात्मक है। लेकिन मजेदार बात यह है कि राज्य के पंचायती राज मंत्री से संपर्क करने के बाद भी उन्हें कोई विशेष लाभ नहीं मिला। भविष्य में सर्व महिला ग्राम पंचायत के गठन के बारे में गांव वालों की राय बंटी हुई थी। उनमें से कुछ

का कहना था कि महिलाओं से उनकी शक्तियां वापस ले ली जाए। कुछ न कहा कि उस पर अभी निर्णय नहीं लिया जा सकता है।

सदस्यो के साथ बातचीत से पता चला कि उनमें अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के निर्वाचन की पक्रिय प्रणाली है। इस तरह से सभी सदस्यों को मौका दिया जाता है। पहली बार अध्यक्ष श्रीमती तुंग बाई थीं, दूसरी श्रीमती सुशीला बाई थीं तत्पश्चात् श्रीमती बासम्मा हैं। जब सर्व महिला पंचायत का कार्य भार संभालने के बाद के अनुभवों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें प्रशासन संभालने में कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्हें पुरूषों की सहायता को जरूरत नहीं लगी।

जब महिलाओं से उनकी उपलब्धियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कुछ उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने सिलाई में एक प्रशिक्षण आयोजित किया। यह एक ऐसी गतिविधि थी जो ग्राम पंचायत में कभी भी पहले नहीं की गई। सड़कें, मार्ग प्रकाश और विद्यालय तथा जल सुविधाएं प्रदान करने के अलावा वे गांव में अरक की बिक्री तथा उपभोग बंद करने में सफल रहीं। गांव के लोगों के साथ महिला सदस्यों ने अरक की सभी दुकाने बंद करा दीं। उन्होंने यह भी फैसला किया कि जो कोई भी अरक पिए हुई मिल जाएगा उसे उस दिन गांव से बाहर भी रहना पड़ेगा।

सर्व महिला ग्राम पंचायत का एक फैसला यह भी है कि उन्होंने ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने 41 घरों वाले भगवतकेरे गांव का चयन किया तथा सभी घरों में शौचालय उपलब्ध करा दिए। उन्होनें विश्व योजना भी चालूकर दी है तथा इस योजना के लिए धन राज्य सरकार से प्राप्त हो रहा है। कर्नाटक के पंचायती राज तथा ग्रामीण विकास मंत्री इन महिलाओं के कार्यें से इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने निर्मल कर्नाटक योजना शुरू कर दी है।

अब इसे एक आदर्श गांव माना जाता है जिसे विदेशी भी देखने आते हैं। सर्व महिला ग्राम पंचायत के कार्य से प्रभावित होकर क्वेम्पू विश्वविद्यालय ने कुछ गांवों में ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सहायता से चलाया है। इस पंचायत ने एक गैर सरकारी संगठन अरिवू की सहायता की ताकि वह कन्नड़ में बधाई कार्ड बनाने के लिए ऋण प्राप्त कर सके।

म्यडोलालू में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है जो तीनों गांवों की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। पहले स्वास्थ्य केन्द्र पर डाक्टर नहीं था तथा बीमारों की देखरेख नहीं हो पाती थी। लोगों की दशा देखकर गांव वालों के सहयोग से पंचायत ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखा कि यदि एक माह के अन्दर स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक की नियुक्ति नहीं की गई तो स्वास्थ्य केन्द्र को सदा के लिए बंद कर दिया जाएगा। तत्काल कार्यवाही करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने एक चिकित्सक की नियुक्ति स्वास्थ्य केन्द्र पर कर दी।

हर वर्ष पंचायत को प्राप्त होने वाली 10 प्रतिशत धनराशि अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों को दी जाती है। इस वर्ष रु. 10, 000 में से सदस्यों ने रु. 5,000 अम्बेडकर भवन को दिए तथा शेष धन का उपयोग अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों के लोगों के लिए बर्तन खरीदने के लिए किया गया।

ग्राम पंचायत क्षेत्र में कई लड़कियां हैं जिन्होंने हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। सदस्यों

ने इन लड़कियों को ड्वाकरा से ऋण दिया है ताकि वे आय अर्जन के कार्यक्रम कर सकें। सिलाई का प्रशिक्षण देने के बाद अब उनका इरादा कढ़ाई का प्रशिक्षण शुरू करने का है। उनका इरादा गांव के अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लोगों को धूम्ररहित चूल्हा उपलब्ध कराने का भी है। गांव में अरक पर प्रतिबंध लगाने के बाद अब वे विदेशी मदिरा पर भी प्रतिबंध लगाने का विचार कर रही हैं। जो भी शराब का उपयोग करता हुआ पाया जाएगा उस पर रु॰ 10,000 का अर्थ दण्ड लगाया जाएगा। इसी तरह जो भी शराब बेचने वालों या पीने वालों का पता बताएगा उसे रु॰ 2,000 को पारितोषिक दिया जाएगा। यह फैसले जल्दी ही अमल में लाए जाएंगे।

सदस्यों से चर्चा के दौरान यह पता लगा कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक कार्यकाल काफी नहीं है। उनके अनुभवों के आधार पर अधिकतम समय सीखने तथा लक्ष्यों की प्राप्ती करने में लग जाएगा।

